कन्या कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

मुरैना। राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्नातक पार्ट प्रथम सेमेस्टर -1 कला वर्ग विषय (हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, इतिहास, भूगोल, संस्कृत, गृह-विज्ञान)में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। प्राचार्य डॉ. रचना मेहता ने बताया है कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के आदेशानुसार सत्र 2024-25 हेतु ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया 10 जून से प्रारम्भ हो गई है। आवेदन भरने की अंतिम तिथि 19 जून होगी। अंतिम वरीयता सूची एवं प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन महाविद्यालय द्वारा 24 जून को होगा तथा अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में दस्तावेज सत्यापन एवं ई-मित्र पर फीस शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि 27 जून है प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम सूची का प्रकाशन 28 जून को किया जाएगा।